डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University,Lucknow.
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

पत्रांकः– 16 /रा0से0यो0/डॉ.श.मि.रा.पु.वि.वि./2024–25, दिनांकः– 08 सितम्बर,.2024

# //सूचना//

विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शैक्षिक सत्र–2023–24 एवं 2024–25 में पंजीकृत समस्त स्वयंसेवक/सेविकाओं को युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग रा.से.यो क्षेत्रीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र सं. 32–50/रा.से.यो./क्षे.ने./लख/2024–25/2619–2691, दिनांक 30. जुलाई, 2024 एवं क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ई–मेल दिनांक 30 जुलाई, 2024 के अनुपालन में सूचित करना है कि माह सितम्बर–अक्टूबर, 2024 में राष्ट्रीय सेवा योजना का “Rural Immersion Programme (RIP)” के सम्बन्ध में सर्वे किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकृत स्वयंसेवकों को ग्रामीण समुदाय के साथ निकटता से जुड़ने और उनकी संस्कृति, परंपराओं, जीवन शैली और आजीविका को समझने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सितम्बर और अक्टूबर, 2024 के महीने में Rural Immersion Programme (RIP) लागू करने की योजना है।

इस योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के 2 से 3 स्वयंसेवकों का समूह 10 दिनों के लिए (02 दिन का अभिविन्यास प्रशिक्षण, 7 दिन ग्रामीण परिवारों के साथ घर पर रहना और एक दिन की रिपोर्ट तैयार करना रिपोर्ट तैयार करने से सम्बन्धित प्रारूप पत्र के साथ संलग्नक सी–1 पर रक्षित है) कार्य करेगा। होम स्टे के दौरान स्वयंसेवक कृषि गतिविधियों (खेती, पशुपालन, डेयरी, मछली पालन, कारीगर कार्य सहित) के साथ सांस्कृतिक उत्सवों का अनुभव करेगें। स्थानीय परिवारों के साथ रहकर स्वयंसेवकों को ग्रामीण आजीविका, सांस्कृतिक परंपरा और सामुदायिक गतिशीलता के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त होगी। इस सम्बन्ध में स्वयंसेवक अपना नाम कार्यालय, राष्ट्रीय सेवाा योजना इकाई. में दिनांक 12 सितम्बर, 2024 तक प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया

(डॉ0 प्रार्थना वर्धन)
समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

**प्रतिलिपिः–पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।**
**निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. माननीय कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय
3. समस्त कार्यक्रम अधिकारी रा0 से0 यो0 इकाई, विश्वविद्यालय
4. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

PVardh

(डॉ0 प्रार्थना वर्धन)
समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

संलग्नक सी०-1-

**Proforma for information for Rural Immersion Programme**

| Sl No. | Name of Regional Directorate of NSS | Name of the State/UT | Name of District | No. of families identified | Total no of volunteers identified in each district for home stay under RIP | Remarks, if any |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |